**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**मुख्य समाचार**

- पेट्रोलियम मंत्रालय ने ईंधन की कीमतों में वृद्धि की अफवाहों को किया खारिज–लोगों से घबराहट में खरीददारी न करने का किया आग्रह।
- देश में अष्टमी व रामनवमीं का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है– राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने लोगों से भगवान राम की शिक्षाओं को आत्मसात करने का किया आग्रह।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में 13 फरवरी के बाद अधिसूचित नई पंचायतों के गठन पर लगाई रोक।
- नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू – एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव में दुनिया भर की 130 से अधिक फिल्में की जाएंगी, प्रदर्शित ।
- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम विभाग ने आज से राज्य में मौसम के करवट लेने की जताई संभावना।

**कच्चा तेल**

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में 26 करोड टन कच्चे तेल के शोधन की क्षमता है। पश्चिम एशिया घटनाक्रम पर कल नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढोतरी नहीं की गई। संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार पीएनजी विस्तार पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों में पीएनजी कनेक्शन संबंधी आवेदन शुल्क और स्वीकृत समय–सीमा को व्यवस्थित करने के लिए गजट अधिसूचना जारी की गई है।

***हमारे पास लगभग सालाना 26 करोड़ टन कच्चे तेल को रिफाइन करने की कैपेसिटी उपलब्ध है। मैं बताना चाहती हूं कि पेट्रोल और डीजल के प्राइस में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। अतः मेरा आप सभी से आग्रह है कृपया अफवाहों पर ध्यान ना दें।***

**नवरात्र**

देश सहित प्रदेशभर में चैत्र नवरात्रे के आठवें दिन आज मां दुर्गा के अधिष्ठात्री महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। सौभाग्य धन सम्पदा, सौन्दर्य और स्त्री जनित गुणों की देवी महागौरी सृष्टि का आधार और अक्षत सुहाग का प्रतीक है। इस बीच राम नवमी का पर्व भी आज ही मनाया जा रहा है। यह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। प्रदेश के शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में प्रशासन द्वारा सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

**बधाई**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राम नवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान राम की महाकाव्यमय जीवन यात्रा हमें सार्थक जीवन के लिए सत्य, न्याय और सद्गुण के मार्ग पर चलने का मार्गदर्शन देती है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका जीवन हमें समाज के

प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि राम के आदर्श भारतीय संस्कृति की नींव हैं और नागरिकों से इन मूल्यों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

**पंचायत गठन रोक**

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में 13 फरवरी के बाद अधिसूचित नई पंचायतों के गठन पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने यह अंतरिम आदेश जारी किया है। न्यायालय ने कहा कि 17 नवम्बर 2025 की अधिसूचना और आदर्श चुनाव आचार संहिता के प्रावधानों के तहत बिना राज्य चुनाव आयोग की मंजूरी के ऐसी कोई भी प्रक्रिया आगे नहीं बढाई जा सकती थी। आदेश में जो प्रस्ताव 13 फरवरी 2026 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश की तिथि तक लंबित नहीं थे, उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। न्यायालय ने कहा कि इसके बाद की अधिसूचनाओं को तब तक अस्तित्वहीन माना जाए जब तक कि राज्य चुनाव आयोग उन्हें विशेष छूट प्रदान न कर दे।

**प्रधानमंत्री–वैश्विक लोकप्रियता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में स्थान दिया गया है। अमरीकी डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा किए गए नवीनतम वैश्विक सर्वेक्षण में उन्हें 68 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है। 2 से 8 मार्च के बीच किए गए इस सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से काफी आगे हैं। यह ताजा सर्वेक्षण ऐसे समय में आया है जब प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में सार्वजनिक जीवन में गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को मिलाकर भारत में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेताओं में से एक बन गए हैं।

**राज्यसभा–ट्रांसजेंडर विधेयक**

संसद ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति–अधिकारों का संरक्षण संशोधन विधेयक, 2026 को पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इसे कल मंजूरी दे दी। इससे पहले, मंगलवार को लोकसभा ने विपक्ष के वॉकआउट के बीच ध्वनि मत से विधेयक पारित किया था। इस विधेयक में ट्रांसजेंडर की परिभाषा को पुनः निर्धारित किया गया है। साथ ही, स्वयं लिंग पहचान करने के प्रावधान को हटाया गया है और ट्रांसमैस्कुलिन व्यक्तियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। राज्यसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कल सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण के प्रति संवेदनशील है। मंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने ट्रांसजेंडरों को मुख्यधारा में लाने और उनके खिलाफ भेदभाव को रोकने के लिए कई पहल की हैं।

**स्वच्छ भारत मिशन**

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत नगर निगम हमीरपुर में स्वच्छता कर्मियों व स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कचरा प्रबंधन की बेहतर पद्धतियों, स्वच्छता बनाए रखने व स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया।

**तबादला प्रतिबंध**

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनावों को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस सम्बन्ध में आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पंचायत और शहरी निकायों के चुनाव 31 मई 2026 तक करवाए जाने हैं जिसके तहत मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाएं जारी हैं। नए निर्देशों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया से जुडे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला चुनाव समाप्त होने तक नहीं किया जा सकेगा।

**फिल्म महोत्सव**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कल से शुरू हुआ। एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव में दुनिया भर की 130 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी, जो भारत के

वैश्विक सिनेमा कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस फिल्म महोत्सव के अंतर्गत निःशुल्क सार्वजनिक स्क्रीनिंग, चर्चाएं, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। समापन समारोह इस महीने की 31 तारीख को होगा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ है और धूप खिली हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने आज रात से मौसम के करवट लेने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज रात से मौसम में बदलाव होगा जिससे आगामी 3–4 दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश व उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है।

## एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–**पंचायत चुनाव से पहले राज्य निर्वाचन आयोग ने तबादलों पर लगाया प्रतिबंध।** दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**हिमाचल में बिजली सस्ती, अप्रैल से लागू होंगी नई दरें।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**सुक्खू बोले–हिमकेयर होगी बंद, नई योजना शुरू करेंगे।**

पंजाब केसरी मुख्मयंत्री सुक्खविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को पास जारी करने को लेकर कैबिनेट में करेंगे विचार।**

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- पेट्रोलियम मंत्रालय ने ईंधन की कीमतों में वृद्धि की अफवाहों को किया खारिज–लोगों से घबराहट में खरीददारी न करने का किया आग्रह।
- देश में अष्टमी व रामनवमीं का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है– राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने लोगों से भगवान राम की शिक्षाओं को आत्मसात करने का किया आग्रह।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में 13 फरवरी के बाद अधिसूचित नई पंचायतों के गठन पर लगाई रोक।
- नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू – एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव में दुनिया भर की 130 से अधिक फिल्में की जाएंगी, प्रदर्शित ।
- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम विभाग ने आज से राज्य में मौसम के करवट लेने की जताई संभावना।